# दिनॉक 12.11.2025 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में आहूत जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर की समस्त ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
2– डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
3– असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

**<u>मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड</u>**

1– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड को आवंटित 800 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 535 प्राक्कलनों में प्रस्तावित 536 नग नलकूपों के सापेक्ष समस्त 536 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 536 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 493 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 536 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 288 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 6456 कि0मी0 के सापेक्ष 6429 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 278421 नग के सापेक्ष 267811 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाने हेतु कितनी योजनाऐं तैयार हैं, की जानकारी चाही गई। जिस पर एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि 68 योजनाऐं संचालन एवं अनुरक्षण में लिए जाने हेतु तैयार है परन्तु वॉच एण्ड वॉर्ड का एग्रीमेन्ट में प्राविधान न होने के कारण अभी तक कोई भी योजना संचालन एवं अनुरक्षण के लिए प्रेषित नहीं की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि वॉच एण्ड वॉर्ड की देयता अनुबन्ध अनुसार नहीं है तथा इसी पैटर्न पर मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाया जा रहा है किन्तु मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड द्वारा वॉच एण्ड वॉर्ड को आधार बनाकर पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में नहीं ले जाया जा रहा है जिससे शासन की इस अत्यन्त महत्वपूर्ण परियोजना का वास्तविक लाभ आमजनमानस को प्राप्त होने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा एजेन्सी को कठोर निर्देश दिये गये कि अनुबन्धानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाना सुनिश्चित करें।

3– जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि 368 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य रूफ टॉप तक एवं 288 नग शिरोपरि जलाशय जिंक एलम सहित पूर्ण है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा एजेन्सी को

Scanned by CamScanner

निर्देशित किया गया कि रूफ टॉप पूर्ण हो चुके शिरोपरि जलाशयों पर जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड )**

**मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड–**

1– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड को आवंटित 1459 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 797 प्राक्कलनों (783 नग नये + 14 नग पुनर्गठन ) में प्रस्तावित 786 नग नलकूपों के सापेक्ष 786 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 786 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 786 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 781 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 783 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 783 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 216 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 10387 कि0मी0 के सापेक्ष 10090 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 412660 नग के सापेक्ष 406108 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 800 नग सोलर के सापेक्ष 800 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 782 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण में ली जाने वाली योजनाओं की जानकारी चाही गई जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 28 नग योजनाऐं संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली गई हैं।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित की गई योजनाओं सूची चाही गई।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा एजेन्सी से जानकारी चाही गई कि अगले 20 दिनों में कितनी योजनायें संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली जायेगीं जिस पर एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि 15 योजनायें अगले 20 दिनों में संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया इस लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

5– जिलाधिकारी महोदय द्वारा एजेन्सी से शिरोपरि जलाशयों के कार्यो हेतु लगायी गई मैनपावर की जानकारी चाही गई। एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि 16 टीम द्वारा शिरोपरि जलाशय के कार्य कराये जा रहें है। 360 नग शिरोपरि जलाशयों के कार्य रूफ टॉप तक एवं 216 नग शिरोपरि जलाशय जिंक एलम सहित पूर्ण कर लिए गये है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि रूफ टॉप पूर्ण हो चुके शिरोपरि जलाशयों को जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यावाही मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड)**

**<u>सी0 एस0 टेक लिमिटेड ( टी0पी0आई0ए0)</u>**

1– जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई जिस कम में मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड टी0पी0आई0 के डी0टी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड हेतु नामित टी0पी0आई0 के साइट इंजीनियर एवं जल निगम(ग्रामीण) के सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर द्वारा संयुक्त निरीक्षण निरन्तर किया जा रहा है।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिरोपरि जलाशय में NCs की जानकारी चाही गई। अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की कुल 334 NCs है जिसमें 130 क्रिटिकल एवं 204 मेजर NCs है जिसके सापेक्ष राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा स्वीकृत Methodology

Scanned by CamScanner

के अनुसार Rectification का कार्य कराते हुए 95 क्रिटिकल एवं 170 मेजर कुल 265 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 26 NCs जिनकी NDT रिपोर्ट टीपीआई0 के पास जमा है उनका परीक्षण टी0पी0आई0 द्वारा किया जा रहा है अवशेष 43 NCs की NDT रिपोर्ट आनी शेष है।

मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड की कुल 11 NCs है जिसमें 3 क्रिटिकल एवं 8 मेजर NCs है जिसके सापेक्ष राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा स्वीकृत Methodology के अनुसार Rectification का कार्य कराते हुए 1 क्रिटिकल एवं 5 मेजर कुल 6 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथां 5 NCs की NDT रिपोर्ट आनी शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया स्वीकृत Methodology के अनुसार Rectification का कार्य पूर्ण गुणवत्तापरक रूप से कराते हुए समस्त NCs को क्लोज कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)**

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि एजेन्सियों द्वारा पाइप लाइन बिछाते समय तोड़ी गई सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा शत्–प्रतिशत सड़क पुर्नस्थापित योजनाओं की जॉच जिला स्तरीय अधिकारियों से कराते हुए जॉच आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण)**

(डॉ0 राजा गणपति आर.)
जिलाधिकारी,
सीतापुर।

**पृ0 संख्याः** 7496 / M-3 /25 **दिनॉक** 18/ 11 /2025

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।*

1– मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
4– डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
5– असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।

जिलाधिकारी,
सीतापुर।

Scanned by CamScanner